प्रेस विज्ञप्ति

इरेडा की 18वीं हितधारकों की बैठक: सीएमडी ने प्रतिस्पर्धी अक्षय ऊर्जा वित्तपोषण समाधानों पर जोर दिया



नई दिल्ली, 7 दिसंबर 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज वर्चुअल माध्यम से श्री प्रदीप कुमार दास, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में अपनी 18वीं हितधारकों के साथ बैठक आयोजित की। इस बैठक में अक्षय ऊर्जा के विभिन्न क्षेत्रों के उधारकर्ताओं को एक साथ संपर्क में लाया गया, ताकि इस क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए प्रमुख अपडेट पर चर्चा की जा सके और इसके बारे में सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके।

अपने प्रारंभिक संबोधन में, श्री प्रदीप कुमार दास ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में इरेडा की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, तथा व्यवसाय में आसानी और नवीकरणीय ऊर्जा के डेवलपर्स के लिए कम लागत वाली निधियों तक पहुंच के बारे में जोर दिया। उन्होंने परियोजनाओं की बैंकिंग क्षमता बढ़ाने के लिए प्रतिस्पर्धी वित्तपोषण हासिल करने तथा मात्र 10 दिनों में दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम प्रकाशित करके उद्योग के लिए मानक स्थापित करने के लिए इरेडा के प्रयासों की चर्चा की- यह बैंकिंग और एनबीएफसी क्षेत्र में ऐसा करने वाला पहला सीपीएसई है। श्री दास ने परिसंपत्ति गुणवत्ता को बनाए रखने और इरेडा की क्रेडिट रेटिंग को मजबूत करने के लिए अनुपालन, समय पर रिपोर्टिंग और बकाया राशि के भुगतान करने के लिए हितधारकों के सहयोग पर जोर दिया।

इरेडा ने वित्तपोषण मानदंडों में संशोधनों पर प्रकाश डाला, जिनमें छूट संरचनाओं में संशोधन, एमएसएमई और छोटे ऋणों के लिए सरलीकरण और वित्तपोषण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए एक नई शुल्क संरचना शामिल है। 23 अगस्त 2024 को आयोजित पिछली हितधारकों की बैठक के प्रमुख सुझावों का निवारण करते हुए एक कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) भी प्रस्तुत की गई। इस रिपोर्ट में प्रक्रियाओं को सरल बनाने और उधारकर्ताओं के साथ संप्रेषण में सुधार करने के लिए लागू किए गए उपायों पर प्रकाश डाला गया।

इस बातचीत के दौरान नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के सभी उधारकर्ताओं ने बहुमूल्य सुझाव और प्रतिक्रियाएँ दीं। ये जानकारियाँ इरेडा की भविष्य की पहलों और रणनीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी, जिससे उद्योग की उभरती ज़रूरतों के साथ तालमेल सुनिश्चित होगा।



इस बैठक में इरेडा के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ इरेडा के निदेशक (वित्त), डॉ. बिजय कुमार मोहंती ने भी भाग लिया। इस बातचीत में भारत के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने और विश्वास और दक्षता के पारिस्थितिकी प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए इरेडा की प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई।